तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

11 गोगामेड़ी मेले के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार जोड़ी मेला स्पेशल रेलसेवाओं का होगा संचालन



12 हरियाली तीज पर्व कल रंग-बिरंगी पतंगों से सजा बाजार, महिलाएं झूलों पर गाएंगी सावन के मल्हार



## खबर संक्षेप

### हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग सड़क हादसों के बाद फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने 26 जून को हुए सड़क हादसे में आरोपी गाड़ी चालक गुरुग्राम के नवादा निवासी चरणसिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस हादसे में एक युवक घायल हो गया था। सदर थाना पुलिस ने 26 फरवरी को हुए सड़क हादसे के बाद मौके से फरार हुए वाहन चालक नया गांव निवासी सिद्धार्थ को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले के चार आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने 20 जुलाई को आशियाकी गौरावास में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर बीते 20 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घायल ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी शुक्रमपाल, रामरति, प्रदीप और राकेश को गिरफ्तार किया है। चारों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद छोड़ दिया गया।

### हरिजन एक्ट के तहत महिला गिरफ्तार

**बावल।** खुर्मपुर में कुत्ते के मुर्गी उठा ले जाने के बाद हुए झगड़े के मामले में हरिजन एक्ट के तहत बावल पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। खुर्मपुर निवासी अंकित के बयान पर पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ 22 जुलाई को केस दर्ज किया था। उसने मारपीट करने और जातिसूचक शब्द कहने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में एक महिला सलोचना को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्याायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को काबू किया है। थाना खोल पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 21 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस केस में जांच के बाद पुलिस ने माजरा निवासी परशुराम को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में खोल थाना पुलिस ने सीहा निवासी रमेश को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने जून माह में दर्ज धोखाधड़ी मामले में एक आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 4 जून को विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंपी गई थी। आर्थिक अपराध शाखा ने इस मामले में सुठानी निवासी सुमेर को काबू करने के बाद कोर्ट के आदेश पर तफ्तीश में शामिल करते हुए रिहा कर दिया।

### छेड़छाड़ का आरोपी टीचर सस्पेंड

**रेवाड़ी।** शिक्षा विभाग ने जिले के एक मीडिल स्कूल में छात्रा के साथ छेड़छाड़ के आरोपी टीचर को सस्पेंड कर दिया। टीचर महेंद्रगढ़ जिले के गांव रामबास का रहने वाला है। केस दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने उसे तीन दिन पहले राजस्थान से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया था। डीसी ने उसे सस्पेंड करने की सिफारिश शिक्षा निदेशालय से की थी। शिक्षा विभाग ने आरोपी टीचर को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

## शहर से लेकर सड़कों तक रहेगा यातायात का दबाव

# कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट आज व कल अति आवश्यक कार्य से ही निकलें बाहर

- पुलिस ने आमजन के लिए जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

इस साल का कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट 26 व 27 जुलाई को होने जा रहा है। रोडवेज व यातायात विभाग की ओर से अभ्यर्थियों के लिए परिवहन के साथ-साथ प्राइवेट बसों की व्यवस्था भी की गई है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी पर्सनल वाहनों से भी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। इससे सड़कों से लेकर शहर तक में ट्रैफिक का दबाव बढ़ेगा। पुलिस प्रशासन की ओर से दो दिन तक आम लोगों को अति आवश्यक कार्य होने पर यात्रा करने की सलाह दी गई है। जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ होमगार्ड जवानों को भी जाम संभावित एरिया में तैनात किया जा रहा है। जिले में लगभग 74 हजार परीक्षार्थियों के लिए 51 लोकेशन पर 70 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सेंटरों पर अधिकांश अभ्यर्थी महेंद्रगढ़ और नारनौल से होंगे। रोडवेज विभाग और आरटीए ऑफिस की ओर अभ्यर्थियों के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी निजी वाहनों से केंद्रों तक पहुंचेंगे। इसके चलते महेंद्रगढ़ और नारनौल रोड पर वाहनों की संख्या बढ़ जाएगी। शहर के प्रमुख नाईवाली चौक को दोनों रोड कवर करते हैं, इसलिए इस चौक पर जाम जैसे हालात बने रहने की पूरी संभावना है। धारूहेड़ा चुंगी व झज्जर चौक पर भी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जाम की स्थिति ने निपटने के लिए व्यापक इंतजाम तो किए ही हैं, लोगों के लिए एडवाजरी करते हुए कहा है कि वाहनों की भीड़ बढ़ने के लिए लोग अति आवश्यक होने पर ही घरों से बाहर से निकलें। व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।





रेवाड़ी। सीईटी को लेकर परीक्षा सेंटर के पास दुकानदारों को दुकानें बंद रखने की सूचना देती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### आमजन करें पुलिस प्रशासन का सहयोग



राज्य स्तरीय टेस्ट के सफल आयोजन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आमजन से अपील की जाती है कि टेस्ट के दौरान वह पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। ज्यादा जरूरी होने पर ही वाहन लेकर घर से बाहर निकलें। इससे जाम जैसे हालात पैदा होने से बच जाएंगे।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी।

### आम नागरिकों के लिए सुझाव

1. परीक्षा के चलते शनिवार और रविवार को प्रमुख सड़कों पर अधिक ट्रैफिक संभावित है, इसलिए अनावश्यक यात्रा से बचें।
2.-परीक्षा केंद्रों के आसपास नो पार्किंग जोन घोषित किए गए हैं, अनावश्यक रूप से उन क्षेत्रों में वाहन न ले जाएं।
3. -अपने कार्य स्थल पर जाने वाले नागरिकों से अनुरोध है कि परीक्षा के टाइम से अपनी यात्रा को आगे-पीछे करें।
4.-परीक्षार्थी पुलिस सहायता के लिए पुलिस कंट्रोल रूम नं. 01274-225156 या डायल-112 पर कॉल करें।
5.-ऑटो चालक किसी भी परीक्षार्थियों की मजबूरी का फायदा नहीं उठाएं। मनमाना किराया वसूल नहीं करेंञ शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
6. सभी ट्रैफिक पुलिसकर्मी अपने प्वाइंट पर अलर्ट रहकर ड्यूटी करेंगे। कहीं पर कोई जाम की स्थिति नहीं बने, यह सुनिश्चित करेंगे।

### परीक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव

- परीक्षा वाले दिन 26 एवं 27 जुलाई को अतिरिक्त समय लेकर घर से निकलें, ताकि केंद्र में एंट्री टाइम से डेढ़ घंटे पहले पहुच सकें।
- एडमिट कार्ड व वैध पहचान पत्र अवश्य साथ रखें। इसके अलावा कोई किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट इत्यादि साथ नहीं रखें।
- जल्दबाजी में ट्रैफिक नियम नहीं तोड़ें, सुरक्षित पहुंचे। हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है।
- जहां तक संभव हो, अभयर्थी निजी वाहनों की बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें, ताकि उन्हें जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।
- घर से चलने से पहले आधुनिक तकनीक की सहायता लें। गलत लोकेशन से बचने के लिए पहले से गूगल मैप या ट्रैफिक पुलिस की सहायता लें

### सीईटी के लिए करीब 1100 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

सीईटी को लेकर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा के चाक चौबंद प्रबंध किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। परीक्षा को लेकर जिले में 74 नाके स्थापित किए गए हैं तथा करीब 1100 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। पुलिसकर्मी वाकी-टाकी से लैस होंगे, ताकि कोई भी सूचना अधिकारियों को दी जा सकें। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, थाना प्रबंधकों, व चौकी इंचार्ज को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए है। एसपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा प्रवेश केंद्रों में ड्यूटी स्टाफ के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 लगाई गई है। वहीं पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने व परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार का आभूषण, घड़ी, बेल्ट, पेन, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर, करेक्टिंग फ्लूइड, मोबाइल फोन व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित आग्नेय अस्त्र लेकर आने पर भी पाबंदी रहेगी। इसके साथ ही सीईटी परीक्षा के दौरान जिले के सभी कोचिंग सेंटर पूर्णतः बंद रहेंगे। परीक्षा केंद्रों के आस-पास सभी फोटो स्टेट, फैक्स, जेरॉक्स और अन्य संचार सम्बंधित सभी दुकानें भी बंद रहेंगी। परीक्षा के दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक जवानों की अतिरिक्त नियुक्ति की गई है और पीसीआर व राइडर टीमें भी परीक्षा केंद्रों के आसपास निरंतर गश्त करेगी।

## कंपनी में निवेश के नाम पर ठगी का एक और आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी सुभाष। फोटो :हरिभूमि

- इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने कंपनी में निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पांच आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस साल 14 जनवरी को गांव बटोड़ी निवासी अजीत कुमार ने अपनी शिकायत बताया था कि गत वर्ष दिसंबर माह में उसके मोबाइल फोन पर लॉरयल कंपनी के एप का एक लिंक आया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद एप इंस्टाल हो गया। उसे एक व्हाट्सएप गुरप से जोड़ा गया, जिसमें एप के जरिए पैसा इन्वेस्ट करने पर अच्छा रिटर्न मिलने की बात कही गई थी। उसने झांसे में आकर गत वर्ष 27 दिसंबर से इस साल 6 जनवरी तक आरोपियों के अलग-अलग खातों में करीब 7.60 लाख रुपये जमा करा दिए। उसने यह राशि अपने व अपने पिता के बैंक खातों के साथ-साथ परिवार के पांच अन्य सदस्यों के खाते से ट्रांसफर कराई थी। जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे उसकी रकम वापस नहीं मिली। उसे साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज करके पांच आरोपियों को पहले ही इस मामले में गिरफ्तार कर लिया था। अब राजस्थान के जिला सीकर के गांव अलखपुरा निवासी सुभाष को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सुभाष के खाते में 11.40 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास से मनाया हरियाली तीज उत्सव

**कोसली।** कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हरियाली तीज का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सामूहिक नृत्य, गायन, कविता पाठ व भाषण का आयोजन किया गया। मंच का संचालन स्कूल की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा साक्षी व ईशा ने किया। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बच्चों व अध्यापकों को तीज की बधाई दी तथा कार्यक्रम के लिए ईको, लिटरेरी आर्ट व डांस क्लब के सदस्यों की सराहना की।

# सीईटी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

- 27 जुलाई तक सभी कोचिंग संस्थान रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 26 व 27 जुलाई को आयोजित होने वाले कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के लिए प्रशासन की ओर से सभी व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, शांतिप्रिय ढंग से संपन्न कराने के साथ-साथ व्यवस्था पूर्ण तरीके से आयोजन बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। डीसी ने कहा कि जिले में बने 70 परीक्षा केंद्रों पर करीब 74 हजार परीक्षार्थी दोनों दिन चार सत्रों में परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों को गुरुग्राम व झज्जर में बने परीक्षा केंद्र तक लेकर जाने व वापस लाने के साथ ही नारनौल-महेंद्रगढ़ जिला से आने वाले परीक्षार्थियों को जिले में बने परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। बस सेवा के साथ ही शटल सेवा के माध्यम से परीक्षार्थियों को सहयोग दिया जाएगा। महिला अभ्यर्थी के साथ



एक अन्य सदस्य को भी निशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। सुबह की शिफ्ट के लिए सुबह 4 बजे से तथा शाम की शिफ्ट के लिए प्रातः 9 बजे रेवाड़ी, धारूहेड़ा, बावल, कोसली बस स्टैंड व डहीना, कुंड एवं बेरली से बसें गुरुग्राम तथा झज्जर जिला के लिए रवाना होंगी। जिला प्रशासन की ओर से सीईटी के संबंध में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं, जिन पर परीक्षार्थी कॉल कर प्रशासनिक सहयोग ले सकते हैं। परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए लघु सचिवालय परिसर में स्थित कमरा नंबर-114 में बनाए गए कंट्रोल रूम के नम्बर 01274-225145 पर परीक्षार्थी जानकारी ले सकते हैं या कोई समस्या है तो सूचित किया जा सकता है। बस सेवा से संबंधित जानकारी के लिए रोडवेज के पूछताछ नम्बर 01274-256751 तथा जिला के दिव्यांगजन की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 18001801530 जारी किए गए हैं।

### परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए धारा 163 लागू

जिलाधीश अभिषेक मीणा ने सीईटी परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 26 व 27 जुलाई को परीक्षा के दौरान एक साथ पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया है, साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के क्षेत्र में फोटोस्टेट की दुकानों, जेरॉक्स, नकल और प्रसारण गतिविधियों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा जिले में 27 जुलाई तक सभी कोचिंग संस्थान भी बंद रहेंगे।

## बार एसोसिएशन की जनरल हाउस बैठक में चार अधिवक्ताओं को डी-बार करने के लिए नोटिस जारी

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र यादव की अध्यक्षता में जनरल हाउस की मिटिंग आयोजित की गई। मिटिंग में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस मौके पर प्रधान विश्वामित्र यादव ने बताया कि बार में पार्किंग की एक बड़ी समस्या थी, लोग अपनी गाड़ी व दुपहिया वाहनों को कहीं भी खड़ा कर देते थे, जिसके समाधान के लिए सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि सभी वकील अपने वाहनों को पार्किंगग के निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करेंगे अन्यथा उन पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि कुछ लोग अधिवक्ताओं की ड्रेस पहन कर कोर्ट परिसर में घुस आते है, जिससे असली व नकली वकील की पहचान नहीं हो पाती तथा किसी भी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए पंजीकृत अधिवक्ताओं के अलावा अन्य किसी भी व्यक्ति को कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं की यूनिफॉर्म पहन कर आने से रोक लगा दी गई है। यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा करता पाया गया तो उस पर 5 हजार से 20 हजार रुपये तक का भी जुर्माना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लॉ कॉलेज के छात्र जो कोर्ट में इंटरनशिप कर रहे है तथा उनका अभी पंजीकरण नहीं हुआ है, ऐसे अधिवक्ताओं को यूनिफॉर्म के साथ काली टाई के बजाय लाल रंग की टाई लगाकर आना अनिवार्य होगा।



- कोर्ट परिसर में गलत जगह वाहन खड़ा करने पर लगेगा जुर्माना, जूनियर अधिवक्ता के लिए भी ड्रेस के साथ लाल रंग की टाई लगाना अनिवार्य

**चार वकीलों को डी-बार करने की मांगः** एडवोकेट बाबूलाल खोला के मुंशी की ओर से दिवंगत सुनील एडवोकेट के क्लेम पेटिशन में नुकसान पहुंचाने की नियत से एक झूठी शिकायत इंश्योरेंस कंपनी के एडवोकेट अशोक कुमार यादव को रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजी गई तथा अनजान नाम से शिकायत को आधारहीन तथ्यों के आधार पर भेजा गया था। जनरल हाउस की मिटिंग में एडवोकेट बाबूलाल खोला ने अनजान नाम से भेजी हुई शिकायत को कबूल किया कि अपने मुंशी के नाम से बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विश्वामित्र यादव के खिलाफ झूठी शिकायत थाने में दी, जिसमें मुंशी व एडवोकेट बाबूलाल के साथ एडवोकेट शमशेर सिंह यादव, आकाश एडवोकेट व रवि एडवोकेट भी गए थे। पूर्व में पहले भी इस तरह का मिस कंडक्ट किया गया था, जिसके लिए एडवोकेट बाबूलाल खोला, एडवोकेट शमशेर सिंह यादव व एडवोकेट आकाश को डी-बार किया गया था। बैठक में बार के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि उपरोक्त चारों एडवोकेट को डी-बार किया जाए, जिसके लिए उपरोक्त सभी वकीलों को 7 दिनों का नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही बार की मर्यादा भंग करने वाले एडवोकेट बाबूलाल खोला के मुंशी सुनील पर जिला न्यायालय में प्रवेश करने व कार्य करने पर रोक लगाई है।

### नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर रीजनल सेंटर की छात्राएं हुई सम्मानित



रेवाड़ी। यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते निदेशक। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर के निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने छात्रा भारती वर्मा, कोमल और संगीता के यूजीसी नेट की परीक्षा पास करने पर सम्मानित करके बधाई दी। यह उपलब्धि छात्राओं के समर्पण और कड़ी मेहनत का परिणाम है। छात्राओं की सफलता से रीजनल सेंटर की अन्य छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। निदेशक ने बताया कि छात्राओं को सभी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने के लिए लायब्रेरी में किताबों का प्रबंध करने के लिए प्रयास जारी हैं। छात्रा भारती के अंग्रेजी विषय में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर अंग्रेजी विभाग की डा. रीनू यादव और नीलम यादव ने बधाई दी। कोमल ने राजनैतिक विज्ञान विषय में लगातार दो बार नेट की परीक्षा पास की। संगीता के राजनैतिक विज्ञान में यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर राजनैतिक विज्ञान विभाग से डा. राकेश और डा योगेन्द्र सिंह ने बधाई दी। इस अवसर पर सरिता देवी, कृष्ण लाल, तारा देवी व विनोद कुमार मौजूद थे।

## सावन के आखिर में अच्छी बरसात के आसार, फसलों को हो रहा मौसम से फायदा

# आसमान साफ होते ही बढ़ा गर्मी का प्रकोप

- आज मौसम में फिर बदलाव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

आसमान में बादल छाने के बाद होने वाली बूंदाबांदी गर्मी से कुछ हद तक राहत दिलाती है। आसमान साफ होते ही तेज धूप उमस भरी गर्मी का कारण बन जाती है। लोगों को अभी उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। सप्ताह के अंत में एक बार फिर से बूंदाबांदी या हलकी बरसात होने की संभावना है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। तेज धूप निकलने के बाद वातावरण में उमस बन गई। हवा में नमी का स्तर 70 फीसदी तक रहने के कारण धूप निकलते ही चिपचिपाहट भरी गर्मी पसीना छुड़ाना शुरू कर देती है। नमीयुक्त वातावरण के कारण कूलरों की हवा भी बेअसर बनी हुई है। तेज धूप खिलने का असर तापमान पर पड़ रहा है। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 35.5 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 0.5 डिग्रीकी वृद्धि के साथ 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंद्रह दिन बाद तापमान 35.0 डिग्री के पार पहुंचा है, जिससे एक बार फिर गर्मी का प्रकोप लोगों को परेशान करने लगा है। अच्छी बारिश के बाद ही गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 26 जुलाई को एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। आसमान में बादलों के बीच हल्की बरसात या बूंदाबांदी हो सकती है। आाने वाले सप्ताह में अच्छी बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। तापमान में उतार-चढ़ाव लगातार देखने को मिलेगा।





रेवाड़ी। धूप व बरसात से बचाव के लिए छाता खरीदती महिला। फोटो :हरिभूमि

### बिजली की खपत में होने लगा इजाफा

बीते सप्ताह अच्छी बारिश होने के बाद बिजली की खपत में कमी आ गई थी। गर्मी बढ़ने के कारण एक बार फिर से बिजली की मांग बढ़ने लगी है। इस समय बिजली की दैनिक खपत 75 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई। आपूर्ति पर्याप्त होने के कारण अभी पावर कटों से राहत मिली हुई है। कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़नी शुरू हो गई है। कुछ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण किसानों ने नलकूपों से फसलों की सिंचाई शुरू कर दी है।

### मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने फांसी लगाई

**धारूहेड़ा।** गढ़ी अलावलपुर में मानसिक रूप से परेशान करीब 50 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी दीपचंद वीरवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था। शुक्रवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा, तो परिजनों ने उसके कमरे में जाकर देखा। उसने पंखे के हुक से फांसी लगाई हुई थी। परिजन उसे फंदे से उतारकर भिवाड़ी के एक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद सेक्टर-6 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दीपचंद कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उसका स्वभाव चिड़चिड़ा बना हुआ था। पुलिस ने सामान्य कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले में अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।



# अच्छा करियर बनाना है तो आंगनवाड़ी टीचर बेहतर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए। हम इस लेख में जानकारी दे रहे हैं।

## ये होनी चाहिए योग्यता

**शैक्षिक योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।

**आयु सीमा:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।

**भाषा योग्यता:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।

**प्रशिक्षण प्राप्त करें:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।

**योग्यता की जांच:** आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।

**आवश्यक कागजात की तैयारी:** आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

## ये अलग-अलग पद

**आंगनवाड़ी सेविका:** आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।

**आंगनवाड़ी सहायका:** आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।

**मिशन आंगनवाड़ी सेविका:** कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।

**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण:** कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती

### ये लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास:** आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।

**स्वस्थ रहना:** आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।

**पोषण की सुरक्षा:** आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएँ बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।

**माता की देखभाल:** आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएँ माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।

**सैलरी :** आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।

### ये सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा :** आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।

**पोषण सेवाएं :** आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएँ होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।

**मातृ देखभाल सेवाए :** आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएँ भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।

**आरोग्य सेवा :** आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है। आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

**रेलवे ग्रुप डी की नौकरी**

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा, इसने खोले करियर के कई नए रास्ते



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल युग है, और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म ने न केवल हमें दुनिया से जोड़ा है, बल्कि करियर के नए रास्ते भी खोले हैं। लेकिन, सोशल मीडिया का प्रभाव और करियर में शॉर्टकट की चाहत छात्रों के लिए एक दोधारी तलवार की तरह हो सकती है। यह लेख आपको प्रेरित करेगा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और शॉर्टकट की ललक को छोड़कर एक मजबूत और सार्थक करियर कैसे बनाएं। सोशल मीडिया ने छात्रों के लिए अनगिनत अवसर पैदा किए हैं। चाहे वह ऑनलाइन लर्निंग हो, स्किल डेवलपमेंट हो, या फिर नेटवर्किंग, सोशल मीडिया ने सीमाओं को तोड़ दिया है। आज आप यूट्यूब पर फ्री कोर्सेज के जरिए नई स्किल्स सीख सकते हैं, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से जुड़ सकते हैं, और इंस्टाग्राम पर अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।

## मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

कई छात्रों ने सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने स्टार्टअप शुरू किए, फ्रीलांसिंग में कदम रखा, या फिर एक इन्फ्लुएंसर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उदाहरण के लिए, कई यंग यूट्यूबर्स और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कंटेंट क्रिएशन शुरू किया और आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण बात है: इन लोगों ने मेहनत, लगन, और सही दिशा में काम करके सफलता हासिल की। सोशल मीडिया ने उन्हें एक मंच दिया, लेकिन उनकी मेहनत ने उस मंच को चमकाया।

**शॉर्टकट की चाहत: एक खतरनाक जाल :** सोशल मीडिया पर चमक-दमक देखकर कई छात्र यह सोचने लगते हैं कि सफलता का रास्ता आसान और तुरंत मिलने वाला है। इन्फ्लुएंसर्स की लग्जरी लाइफ, ट्रेंडिंग रील्स, और वायरल वीडियोज देखकर लगता है कि बस एक वीडियो बनाया और रातोंरात स्टार बन गए। लेकिन हकीकत इससे कहीं अलग है। शॉर्टकट की चाहत में कई छात्र अपनी पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट, और लॉन्ग-टर्म गोल्स को नजरअंदाज कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ छात्र फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेते हैं, जैसे फेक फॉलोअर्स खरीदना या कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल करना। इससे न केवल उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठता है, बल्कि कानूनी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। इसके अलावा, साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, या साइबरबुलिंग में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक गलत कदम आपके करियर को बर्बाद कर सकता है।

**सही दिशा में सोशल मीडिया का उपयोग :** छात्रों, यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक टूल है, न कि आपका गोल। इसे अपने करियर को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करें, न कि शॉर्टकट की तलाश में भटकने के लिए। यहाँ कुछ टिप्स हैं जो आपको प्रेरित करेंगे।

**स्किल्स सीखें:** सोशल मीडिया पर ढेरों फ्री और पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं। चाहे वह कोडिंग हो, डिजिटल मार्केटिंग हो, या ग्राफिक डिजाइनिंग, अपने इंटरेस्ट के हिसाब से स्किल्स सीखें। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर **Coursera** या **Skillshare** जैसे प्लेटफॉर्म्स के फ्री ट्यूटोरियल्स देखें।

**नेटवर्किंग करें:** लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से जुड़ें। अपने प्रोजेक्ट्स और अचीवमेंट्स शेयर करें। यह आपको इंटर्नशिप्स और जॉब्स के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## वैल्यूएबल कंटेंट बनाए

**क्रिएटिव बनें:** अगर आप इन्फ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो ओरिजिनल और वैल्यूएबल कंटेंट बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप साइंस के स्टूडेंट हैं, तो साइंस से जुड़े मजेदार एक्सपेरिमेंट्स शेयर करें। यह आपकी ऑडियंस को आकर्षित करेगा।

**साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें:** सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी सावधानी से शेयर करें। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड्स और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अगर आपको कोई साइबर क्राइम का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।

**लॉन्ग-टर्म गोल्स पर फोकस करें:** सोशल मीडिया की चमक में अपनी पढ़ाई और करियर गोल्स को न भूलें। शॉर्टकट की जगह मेहनत और धैर्य को अपनाएं। सचिन तेंदुलकर या एलोन मस्क जैसे लोग रातोंरात सफल नहीं हुए; उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें वहाँ पहुँचाया। आइए, एक भारतीय छात्र की कहानी से प्रेरणा लें। अनन्या, एक कॉलेज स्टूडेंट थी, जिसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब पर इंग्लिश लर्निंग वीडियोज शुरू किए। उसने छोटे-छोटे टिप्स शेयर किए, जैसे कि इंग्लिश बोलने का डर कैसे दूर करें। उसकी मेहनत और कंसिस्टेंसी की वजह से आज उसके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं, और वह एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म भी चलाती है। अनन्या ने सोशल मीडिया का सही उपयोग किया और शॉर्टकट की जगह अपनी स्किल्स पर भरोसा किया।

## सामान्य ज्ञान

**1.** समुद्र पृथ्वी की सतह का लगभग ______ घेरे हुए है ।
(ए) 50%'
(बी) 60%'
(सी) 70%'
(डी) 80%'

**2.** कौन - सा सागर महासागरीय मरुभूमि के रूप में अभिहित किया जाता है ?
(ए) अरब सागर
(बी) सार्गैसो सागर
(सी) लाल सागर
(डी) चीन सागर

**3.** सार्गैसो सागर अवस्थित है -
(ए) प्रशांत महासागर में
(बी) उतरी अटलांटिक महासागर में
(सी) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(डी) हिन्द महासागर में

**4.** तस्मान सागर किसके मध्य अवस्थित है ?
(ए) उत्तर व दक्षिण अमेरिका
(बी) भारत व श्रीलंका
(सी) ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड
(डी) साइबेरिया व अलास्का

**5.** निम्नलिखित में से किस सागर की सीमाएं तीन महाद्वीपों को स्पर्श करती है ?
(ए) लाल सागर
(बी) बेरिंग सागर
(सी) भूमध्य सागर
(डी) अरब सागर

**6.** निम्नलिखित सागरों में से किसके चारों ओर समुद्री धाराएं प्रवाहित होती है ?
(ए) चीन सागर
(बी) जापान सागर
(सी) मारमारा सागर
(डी) सारगैसो सागर

**7.** काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है ?
(ए) फ्रांस
(बी) रूस
(सी) तुर्की
(डी) इंग्लैंड

**8.** निम्नलिखित में कौन - सा देश काला सागर को स्पर्श नहीं करता है ?
(ए) रूस
(बी) कजाकिस्तान
(सी) यूक्रेन
(डी) मोल्दोवा

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(डी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप

### भोजावास में अटेली रोड पर भंडारा लगाया

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव भोजावास में अटेली रोड स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक कार्यालय पर भंडारे का आयोजन किया गया। एडवोकेट हरिश कौशिक ने बताया कि सावन महीने में भूखे को भोजन कराने से पुण्य तो मिलने के साथ ही आत्मिक संतुष्टि भी होती है। भंडारे में सभी दुकानदारों के सहयोग से विशेषकर स्वादिष्ट खीर व हल्वा का प्रसाद बनाकर राहगीरों एवं आस पास के ग्रामीणो को खिलाकर शीतल जल भी पिलाया है।

### यशदीप ने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की नेट परीक्षा

**नारनौल।** जिला मुख्यालय के समीप के ग्राम ढाणी फैजाबाद के यशदीप ने प्रबन्धन विषय में नेट की परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण की है। यशदीप के पिता विज्ञान अध्यापक मुकेश कुमार ने बताया कि यशदीप ने अपनी बीएससी एलपीयू विश्वविद्यालय से 75 प्रतिशत अंक लेकर, एमबीए प्रबंधन राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर से 79 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की।

### प्रतियोगिता में शिक्षकों ने चली शानदार चालें

**नारनौल।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा के तत्वावधान में शिक्षा विभाग की ओर से में वीरवर को विश्व शतरंज दिवस पर शिक्षक (पुरुष एवं महिला वर्गों में अलग-अलग) की जिला स्तर पर शतरंज प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति माध्यमिक विध्यालय नसीबपुर में करवाया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों में रणनीतिक सोच, मानसिक अनुशासन एवं खेल भावना को बढ़ावा देना है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की समग्र विकास की दृष्टि के अनुरूप है।

### हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल में तीज महोत्सव मनाया

**मंडी अटेली।** हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में शुक्रवार को हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि इस धार्मिक पर्व पर स्कूल के विभिन्न बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया है। जिसमें राखी प्रतियोगिता ,पतंग बनाओ प्रतियोगिता ,झूला झूलो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक राकेश यादव ने बताया कि यह धार्मिक पर्व है भगवान शिव पार्वती के मिलन का प्रतीक है।

### विकास यादव ने लॉ में किया नेट क्वालिफाई

**नांगल चौधरी।** ढाणी बानिया निवासी विकास यादव पुत्र सुभाषचंद ने लॉ विषय में नेट क्वालीफाई करके गांव का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्र को विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। बबबू यादव व संदीप यादव ने बताया कि विकास ने महर्षि दयानंद युनिवर्सिटी रोहतक से साईंस विषय से स्नात्तक उतीर्ण की थी। इसके बाद दिल्ली युनिवर्सिटी से एलएलबी तथा सेंट्रल विश्वविद्यालय पाली से एलएलएम डिग्री हांसिल की। बीते महीने नेट की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त किया।

### अवैध हथियार के साथ एक और आरोपी पकड़ा

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीआईए पुलिस टीम ने अवैध हथियार के साथ एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए टीम ने थाना सदर नारनौल क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपित जोगेंद्र वासी रामबास को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया था, आरोपित से एक देसी कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया था। आरोपित से अवैध हथियार के बारे में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान सामने आया कि आरोपित ने एक अवैध हथियार दिलबाग वासी नांग तिहाड़ी को दिया था। सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने दिलबाग वासी नांगतिहाड़ी को गिरफ्तार कर लिया।

---

### श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा करेगी गोगामेड़ी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

# गोगामेड़ी मेले के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चार जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेन चलेंगी

- रेलवे प्रशासन ने उठाया कदम नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

रेलवे प्रशासन की ओर से गोगामेड़ी मेले में होने वाले अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए 4 जोड़ी मेला स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस- श्रीगंगानगर रेलसेवा गोगामेड़ी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव भी करेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04791, रेवाड़ी-गोगामेड़ी मेला स्पेशल 12 अगस्त से 21 अगस्त तक एवं 30 अगस्त से 2 सितंबर तक रेवाड़ी से सुबह 6:15 बजे प्रस्थान करके सुबह 10:40 बजे गोगामेडी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04792 गोगामेड़ी-रेवाड़ी मेला स्पेशल 12 अगस्त से 21 अगस्त तक तथा 30 अगस्त से 2 सितंबर तक गोगामेड़ी से सुबह 11:45 बजे प्रस्थान करके शाम 4:50 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेन्द्रगढ, लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 15 साधारण साधारण व द्वितीय शयनयान श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 17 डिब्बें होगें। द्वितीय शयनयान श्रेणी के डिब्बे अनारक्षित श्रेणी के रूप में ही रहेंगे। गाड़ी संख्या 04795 रेवाड़ी-गोगामेड़ी मेला स्पेशल 11 अगस्त से 21 अगस्त तक एवं 31 अगस्त से 2 सितंबर तक रेवाड़ी से शाम 6 बजे प्रस्थान करके रात 10:55 बजे गोगामेड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04796 गोगामेड़ी-रेवाड़ी मेला स्पेशल दिनांक 11 अगस्त से 21 अगस्त तक एवं 31 अगस्त से 2 सितंबर तक गोगामेड़ी से रात 11:20 बजे प्रस्थान करके सुबह 5:15 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेन्द्रगढ लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 15 साधारण व द्वितीय शयनयान श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 17 डिब्बें होंगे। द्वितीय शयनयान श्रेणी के डिब्बे अनारक्षित श्रेणी के रूप में रहेंगे।


रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलवे जंक्शन से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन।

#### श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस का अस्थाई ठहराव

गाड़ी संख्या 14701 श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 8 अगस्त से 6 सितंबर तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करके गोगामेड़ी स्टेशन पर रात 2:08 बजे आगमन एवं 2:10 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14702 बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा 7 अगस्त से 5 सितंबर तक बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करके गोगामेड़ी स्टेशन पर मध्यरात्रि 12:27 बजे आगमन एवं 12:29 बजे प्रस्थान करेगी।

#### दो जोड़ी सादुलपुर-गोगामेड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें

गाड़ी संख्या 04707 सादुलपुर-गोगामेड़ी मेला स्पेशल 9 अगस्त से 7 सितंबर तक सादुलपुर से दोपहर 12:20 बजे प्रस्थान करके 1:40 बजे गोगामेड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04708 गोगामेड़ी-सादुलपुर मेला स्पेशल 9 अगस्त से 7 सितंबर तक गोगामेड़ी से दोपहर 2:40 बजे प्रस्थान करके शाम 3:55 बजे सादुलपुर पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 9 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बें होंगे। गाड़ी संख्या 04709 सादुलपुर-गोगामेड़ी मेला स्पेशल 10 अगस्त से 7 सितंबर तक सादुलपुर से मध्यरात्रि 12:25 बजे प्रस्थान करके मध्यरात्रि 3:10 बजे गोगामेड़ी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04710 गोगामेड़ी-सादुलपुर मेला स्पेशल दिनांक 10 अगस्त से 7 सितंबर तक गोगामेड़ी से अलसुबह 4:40 बजे प्रस्थान करके सुबह 6:20 बजे सादुलपुर पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 9 साधारण श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 11 डिब्बें होंगे।

#### ये चार ट्रेन रहेंगी आंशिक रद

गाड़ी संख्या 54309, दिल्ली-हिसार रेलसेवा 9 अगस्त से 7 सितंबर तक सादुलपुर-हिसार के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54310 हिसार-दिल्ली रेलसेवा 10 अगस्त से 7 सितंबर तक हिसार-सादुलपुर के मध्य आंशिक आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54315 रेवाड़ी-हिसार रेलसेवा 9 अगस्त से 7 सितंबर तक सादुलपुर-हिसार के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 54316 हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा 9 अगस्त से 7 सितंबर तक हिसार-सादुलपुर के मध्य आंशिक रद रहेगी।

---


रेवाड़ी। अस्पताल की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# आंगनबाड़ी व आशा वर्कर्स यूनियन ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- सरकारी अस्पताल की मांग के लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

सरकारी अस्पताल की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी का रामगढ़ भगवानपुर में धरना 39वें दिन में प्रवेश कर गया।

शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला अध्यक्ष तारा देवी के साथ सविता रानी, बबीता, कांता, सुशीला, बीना, आशा, कमलेश, नीलम व शकुंतला ने धरना स्थल पर ग्रामीणों को समर्थन दिया, वहीं आशा कार्यकर्ता यूनियन की जिला सचिव संतोष देवी के नेतृत्व में आशा रानी, पूनम देवी अंशु, मनीषा, सविता रानी, बबीता, कांता, सुशीला, संतोष, लता, रेखा व नीलम भी धरने पर शामिल हुई। धरना पर रोजाना दर्जन भर से अधिक गांवों के ग्रामीण शामिल हो रहे है। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। इस मौके पर अनिल कुमार सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि जब तक मांग को माना नहीं जाएगा, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस मौके पर राजेंद्र सिंह एडवोकेट, रमेश चंद्र एडवोकेट, शेरसिंह एडवोकेट, महिपाल फदनी, सतीश सरपंच बुड़ानी, सत्यवीर भगवानपुर, अनिल सरपंच गोकलपुर, अशोक मीरपुर, एडवोकेट सुधीर कुमार, अभय सिंह, सतीश सरपंच बुड़ानी, खजान सिंह, रामकुमार, पृथ्वी सिंह, अमरजीत, सुदन लाल, कमल सिंह, नवल सिंह बुढ़ाना, इंद्रजीत नंबरदार, राजकुमार, राजबीर, कृष्णा देवी भगवानपुर सरपंच, आशा, गीता देवी, कविता देवी, निर्मला, कमला, विमला, रामगिरी, विमला, उर्मिला, वीरमति, कमलेश, मौसम व सुनीता सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---

# प्रतियोगिता का आयोजन कर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम लगातार ग्रामीण दौरे कर रही हैं। शुक्रवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव बिठवाना में बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। पुलिस टीम ने सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए मोटिवेट किया। इस अवसर पर युवाओं को शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा नशा ना करने की शपथ भी दिलाई गई। युवाओं से नशा बेचने वालों, नशे का व्यापार करने वालों और किसी भी आपराधिक घटना के बारे में पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। निरीक्षक रामपाल ने कहा कि युवा नशे की दलदल से बचे तथा देश व समाज के निर्माण में अहम योगदान दे। जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना है ताकि वे शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बन सकें।


रेवाड़ी। खिलाड़ियों को शपथ दिलाते हुए पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

# समाधान शिविर की लंबित शिकायतों का 30 जुलाई तक निपटान करें विभागाध्यक्ष, रिपोर्ट भी दें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा हर शुक्रवार को समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से समाधान शिविर की शिकायतों के निदान बारे अपडेट रिपोर्ट ली।

डीसी ने विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर में आने वाले जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए गंभीरता से कार्य करें। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार के मार्गदर्शन में चल रहे समाधान शिविर आमजन के लिए उपयोगी साबित हो रहे है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों का आगामी 30 जुलाई तक निपटान कर उपायुक्त कार्यालय में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके बाद भी शिकायतों का निपटान नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

डीसी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं। अगर शिकायतकर्ताओं की शिकायत का समय पर समाधान नहीं होता और उसे शिकायत लेकर बार-बार समाधान शिविरों में आना पड़ा तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही होगी। इस अवसर पर डीएमसी ब्रह्मद्प्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायतों के निदान की समीक्षात्मक बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

---


रेवाड़ी। शिविर में विद्यार्थियों का जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में युवाओं का किया करियर संबंधी मार्गदर्शन

**रेवाड़ी।** रोजगार विभाग की ओर से 21 से 25 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों व युवाओं को व्यवसाय से संबंधी जानकारी दी गई। जिला रोजगार अधिकारी मनीता यादव ने बताया कि व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के दौरान विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी, बीकानेर, मस्तापुर, हांसाका, कोसली, उमा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुडियानी, जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक लक्ष्य निर्धारण व करियर को विभिन्न क्षेत्रों में निखारने के बारे में मार्गदर्शित किया गया। इसके तहत कक्षा नौवीं से बारहवीं के लगभग 800 विद्यार्थियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह में विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञों ने स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण व ऑनलाइन पंजीकरण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

# विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश


रेवाड़ी। कोसली में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक अनिल यादव।

- चंडीगढ़ स्तर की समस्या हो तो उसके बारे में उन्हें अवगत कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी सार्वजनिक समस्या किसी अधिकारी के संज्ञान में आती है तो उसका प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। किसी समस्या का समाधान चंडीगढ़ मुख्यालय स्तर पर किया जाना है तो उसके बारे में उन्हें अवगत कराएं। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को कोसली लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम विजय कुमार यादव भी मौजूद रहे। विधायक ने शिविर में आए सभी नागरिकों की शिकायत को धैर्यपूर्वक सुना तथा अधिकारियों को शिकायत दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में कोसली विधानसभा क्षेत्र की प्रगति के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं। समाधान शिविर से विधायक ने गांव बुड़ौली में भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। डहीना के बीडीपीओ कार्यालय में भी लोगों की समस्याएं सुनी गई। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार, बीडीपीओ अनिल कुमार, एएफएसओ एसपी मेहता, उप अधीक्षक राजेश कुमार, सरदार सिंह भाला, पार्षद जीवन हितैषी, अशोक लुखी व संदीप लिलोढ़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# गवर्नमेंट कॉलेज बावल में एमए संस्कृत में प्रवेश के लिए आवेदन 28 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

राजकीय महाविद्यालय बावल में एमए संस्कृत विषय में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातकोत्तर प्रवेश प्रक्रिया का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। राजकीय महाविद्यालय बावल से नोडल अधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं विभागाध्यक्ष डा. रेखा ने बताया कि एमए संस्कृत में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग की वेबसाइट एडमिशंस.हायरएजुएचआरवाई.एस ी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग से संपर्क कर सकते हैं। डा. रेखा ने बताया कि कोर्स के लिए कॉलेज में 50 सीटें निर्धारित हैं। विद्यार्थी 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दाखिले के लिए मेरिट सूची 31 जुलाई को जारी की जाएगी एवं विभाग के नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया 5 अगस्त से 19 अगस्त तक महाविद्यालय स्तर पर फिजिकल काउंसलिंग से होगी।


विभागाध्यक्ष डा. रेखा।

### प्रदेश अध्यक्ष का महेंद्रगढ़ आगमन आज

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा व्यापार मंडल की बैठक आज आयोजित की जाएगी। हरियाणा व्यापार मंडल प्रधान सुनील अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता महेंद्रगढ़ आएंगे। उनके साथ अनेक प्रदेश के व्यापार मंडल पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव उनके साथ रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा प्रदेश के महासचिव महेश जोशी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करने के लिए एकजुटता का परिचय देंगे।

---

### महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव भवाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम किया

# बेटियों की घटती संख्या समाज के संतुलन के लिए गंभीर चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

- आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, राजनीति और हर क्षेत्र में बेटों से कहीं आगे निकल रही हैं : योगेश कुमारी

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव भवाड़ी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं को बेटियों के अधिकार, महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विभाग की सुपरवाइजर योगेश कुमारी ने कहा कि बेटियों की घटती संख्या समाज के संतुलन के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा, खेल, विज्ञान, राजनीति और हर क्षेत्र में बेटों से कहीं आगे निकलकर देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय प्रवृत्तियां समाज में अभी भी मौजूद हैं। योगेश कुमारी ने स्पष्ट किया कि भ्रूण हत्या न केवल नैतिक अपराध है, बल्कि यह कानून की नजर में भी दंडनीय है, जिसमें दोषी को 7 साल की सजा से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया कि वे बेटियों को समान अधिकार दें, उन्हें शिक्षित करें और आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान करें। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने शपथ ली कि वे बेटियों को बेटों की तरह प्यार, सम्मान और अवसर देंगी तथा उन्हें शिक्षित कर समाज में मजबूत पहचान दिलाने का कार्य करेंगी। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता व सहायिका ओमवती सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं,आर्मी नं. 3198357 एफ हवलदार नरेन्द्र पुत्र श्री महावीर सिंह निवासी मौजा धनिया उपतहसील साल्हावास जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी धर्मपत्नी रेनू कुमारी का नाम मेरे आर्मी रिकार्ड में रेनू देवी दर्ज है जबकि उसका सही व वास्तविक नाम रेनू कुमारी है जोकि उसके अन्य सभी डोक्यूमैंट्स में भी दर्ज है। यह सूचना मेरी धर्मपत्नी का नाम मेरे आर्मी रिकार्ड में रेनू देवी की जगह रेनू कुमारी दर्ज कराने के लिए है।

**ग्राम पंचायत कन्हौरी**
**खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कन्हौरी खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर हरियाणा सरकार के पत्र क्रमांक HSSBM-SPM2020127 546-728 दिनांक 01.06.2020 की हिदायतों के अनुसार डोर टू डोर कूडा संग्रहण एवं निस्तारण का कार्य किया जाना है। इच्छुक फर्म ग्राम पंचायत को दिनांक 31.07.2025 तक जमा करवा सकती है। बाद में कोई कुटेशन स्वीकार नहीं होगी।

हस्ता/- प्रवीण कुमारी, सरपंच, ग्राम पंचायत कन्हौरी
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी), मो. 8816012323

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। शिविर में ग्रामीणों को जानकारी देते हुए एसडीओ व अन्य अधिकारी।

### ग्रामीणों को सोलर योजना की दी जानकारी

**कुंड।** गांव मनेठी में शुक्रवार को बिजली निगम की ओर से समाधान शिविर एवं ओपन दरबार का आयोजन किया गया। बिजली निगम के एसडीओ एजाज अहमद ऑपरेशन पाली गोठड़ा ने शिविर की अध्यक्षता की। इस अवसर पर जेई राहुल, डीईओ तरुण कुमार, गांव के सरपंच देशराज, पंच सुमित, फील्ड स्टाफ तथा सोलर कंपनी से लीलू एवं एसएलएस से प्रदीप उपस्थित थे। शिविर में ग्रामीणों को सोलर कनेक्शन, सरचार्ज माफी योजना तथा वॉलेंटरी डिस्क्लोजर स्कीम के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने योजनाओं के लाभ, आवेदन प्रक्रिया और पात्रता शर्तों के बारे में समझाया। एसडीओ ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से गांव मनेठी को सोलर डिजिटल स्कीम के अंतर्गत चयनित किया गया है, जिसके तहत गांव को सौर ऊर्जा से सशक्त बनाया जाएगा और डिजिटल रूप से उन्नत किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत हर घर को सोलर से जोड़ने और ऊर्जा उपयोग में पारदर्शिता लाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा स्कार्फ देकर सम्मानित करते हुए।

### सरवन स्कूल में अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन

**बावल।** नंगली परसापुर रोड स्थित सरवन इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ओलंपियाड में 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय संचालिका आशा यादव ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य अतुल कुमार ने बताया कि परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय में स्कॉउट गाइड कैंप का आयोजन किया गया था, विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा स्कार्फ देकर सम्मानित किया गया।







रेवाड़ी। भाड़ावास गेट के पास दुकान पर सजी पतंगें, मिष्ठान भंडार पर रखे केसर मावा खिलौना घेवर , मिष्ठान भंडार पर रखे दूध के घेवर। फोटो: हरिभूमि

### तीज पर्व को लेकर शहर के मिष्ठान भंडारों में सजे घेवर, पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर कामना करेंगी सुहागिनें

# हरियाली तीज पर्व कल, रंग-बिरंगी पतंगों से सजा बाजार, महिलाएं झूलों पर गाएंगी सावन के मल्हार

- पर्व को भगवान शिव और पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में 27 जुलाई को मनाए जाने वाले हरियाली तीज पर्व को लेकर युवाओं व बच्चों के लिए पतंगों का बाजार पूरी तरह सज गया है, वहीं महिलाओं के लिए पेड़ों पर झूले डाले जा चुके है। तीज पर्व पर महिलाएं जहां झूला झूलती है, वहीं पुरुषों में पतंगबाजी को लेकर काफी उत्साह देखा जाता है। सावन माह दान-पुण्य के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस माह में कई व्रत व हरियाली तीज का पर्व भी आता हैं। बहुत से लोग पूरा सावन व्रत रखते हैं। सावन के माह में ही हरियाली तीज भी आती है। सुहागिनें पति की दीर्घायु की कामना के साथ हरियाली तीज पर व्रत भी रखती हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शास्त्री का कहना है कि इस पर्व को भगवान शिव और पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। सुहागिनें सोलह श्रृंगार कर इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की उपासना करती हैं और सावन माह के मल्हार भी गाती हैं। यह पर्व सौंदर्य और प्रेम का पर्व है।

### त्योहार को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह

पतंगबाजी का शौक रखने वाले लोग पतंग और मांझा खरीदने में जुट गए है। दुकानों पर युवाओं व बच्चों के लिए आकर्षक डिजाइनों में पतंगे उपलब्ध है। इस बार पतंग व मांझे के दामों में 20 से 50 रुपये की तेजी भी आई है, लेकिन पतंगबाजी करने वाले युवाओं में महंगाई का कम असर देखने को मिल रहा है। तीज के त्योहार को लेकर महिलाओं में भी काफी उत्साह रहता है। तीज से एक दिन पहले आने वाले सिंधारे पर रिश्तेदारों व नव विवाहिताओं के ससुराल में घेवर भेजने की प्रथा भी चली आ रही है, जिसको लेकर इन दिनों हलवाई भी घेवर बना चुके हैं। घेवर सावन की परंपरा का हिस्सा है। मिष्ठान भंडारों पर देशी घी मावा घेवर 640 रुपये किलोग्राम, केसर मावा-खिलौना घेवर व केसर मलाई घेवर 800 रुपये किलोग्राम, नार्मल मावा घेवर 440 रुपये, दूध घेवर 340 रुपये व फैनी 420 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रही है।

### नवविवाहिताओं को भेजा जाता है सिंधारा

तीज के पर्व पर नवविवाहिताओं के लिए सिंधारा भी भेजा जाता है, जिसमें कपड़े, मिठाई और श्रृंगार आदि का सामान होता है। सावन के माह में विशेष रुप से बनाए जाने वाले मिष्ठान घेवर व फैनी भी नवविवाहितों को सिंधारे में भेजने का प्रचलन है। 26 जुलाई को सिंधारे का पर्व मनाया जाएगा।

सावन के माह में महिलाएं झूला झूलकर सावन के मल्हार भी गाती थी, लेकिन आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में झूलों का महत्व समाप्त ही होता जा रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण वर्तमान में कई क्षेत्रों में झूले डलने बंद हो गए है। पहले के समय में तीज पर्व से 15 से 20 दिन पहले से ही पेड़ों में झूले डाल दिए जाते थे। पिछले कई वर्षो से महिलाएं पार्को में लगे झूलों में झूलकर तीज पर्व मनाती है। सभी प्रदेशों में हरियाली तीज को मनाने का अपना-अपना तरीका है। राजस्थान व हरियाणा में तो हरियाली तीज पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से मेलों का आयोजन भी किया जाता रहा है। वृंदावन व मथुरा में भी हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया जाता रहा है, जिसमें देश के अनेक राज्यों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से तीज पर्व के आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

## महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ दिया संदेश

**धारूहेड़ा।** शुक्रवार को गांव खिजूरी में पारंपरिक उल्लास के साथ तीज उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक संदेश देते हुए बताया गया कि यदि बेटियां ही न हों, तो तीज और सिंधारे जैसे पर्वों का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे प्रसव पूर्व लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या जैसे घातक कार्यों से दूर रहें। समाज में बेटियों को भी बेटों के समान प्रेम, शिक्षा और पोषण देने की अपील की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर वंदना ने कहा कि हमें बेटियों को बराबरी का अधिकार देना चाहिए और भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए मिलकर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के


रेवाड़ी। कार्यक्रम में झूला झूलते हुए बेटियां। फोटो: हरिभूमि

दौरान कन्या भ्रूण हत्या न कराने की शपथ दिलाई गई और गांव में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। साथ ही महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई। सुपरवाइजर वंदना ने बताया कि यह योजना केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है, जिसके तहत पहली बार मां बनने वाली गर्भवती महिलाओं को कुल 5000 रुपए की सहायता राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती है। दूसरी बेटी होने पर 6000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और प्रसवपूर्व देखभाल में सुधार करना है। महिलाओं को योजना का लाभ उठाने के लिए नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराना चाहिए। महिलाओं ने झूला झूलकर, मेहंदी रचाकर और लोकगीतों पर नृत्य कर तीज के पर्व का आनंद लिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजबाला रानी, आशा कार्यकर्ता पूनम, मीना व महिला पंच पवित्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### जैन मंदिर में हरियाली तीज के उपलक्ष्य में भक्ति कार्यक्रम आयोजित

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन स्थित भगवान आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जैन महिला संयोग समिति की ओर से हरियाली तीज उत्सव व कीर्तन का आयोजन किया गया। राधिका जैन व रुचि जैन ने सभी सदस्याओं को स्वागत तिलक लगाया और रक्षा सूत्र बांधा। सर्वप्रथम सदस्याओं ने भगवान आदिनाथ की आरती की। कार्यक्रम में अनेक धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समिति की सदस्यों ने भक्ति नृत्य भी पेश किए। समिति की प्रधान कविता जैन ने विजेता प्रतिभागियों में नीलम जैन, प्रीति जैन, रेणू जैन, पुष्पा जैन, सविता जैन व मनीषा जैन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समिति की सदस्य रिया जैन, सुनीता जैन, सुधा जैन, रानी जैन, बबीता जैन, कुमुद जैन, सीमा जैन, दिव्या जैन व वीना जैन उपस्थित थीं।


रेवाड़ी। भगवान आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आरती करते हुए समिति की सदस्याएं।

### झाड़ौदा के आंगनबाड़ी केंद्र में धूमधाम से मनाया हरियाली तीज त्योहार


रेवाड़ी। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में झूला झूलती महिलाएं।

**कोसली।** गांव झाड़ौदा के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार हरियाली तीज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं को बेटियों की रक्षा करने का भी संदेश दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मनाए गए तीज उत्सव में महिलाओं ने झूला डालकर पींग का आनंद उठाया और पारंपरिक गीत गाते हुए तीज त्योहार को मनाया। सुपरवाइजर पिंकी शर्मा ने बताया कि तीज हरियाणा के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस दिन नवविवाहिता युवती की ससुराल में भाई उसे उपहार स्वरूप नए-नए वस्त्र, श्रृंगार का सामान, मिठाई आदि की कोथली देकर आते हैं और इसी बहाने बहन की कुशलक्षेम भी जान लेते हैं। तीज के दिन लड़कियां जहां झूला झूलने में मस्त रहती हैं, वहीं लड़के इस दिन पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं एक-दूसरे को यह बताए कि बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं है। माता-पिता अपनी संतान को अच्छी तरह पाल-पोस कर उन्हें उच्च शिक्षा दिलवाए तो वे एक कामयाब नागरिक बन सकते हैं। बेटियां भी माता-पिता का गौरव होती हैं। इस अवसर पर देवेंद्र, पवित्रा, सुनीता, कौशल्या, कांता व बिमला सहित अनेक महिलाएं मौजूद रही।

## करंट की चपेट में आया राष्ट्रीय पक्षी, सजगता से बची जान



**रेवाड़ी।** मालपुरा गांव में शुक्रवार को एक राष्ट्रीय पक्षी मोर करंट की चपेट में आ गया। एक ग्रामीण की सजगता से गंभीर रूप से जख्मी मोर की जान बच गई। मोर को झाबुआ बीहड़ के पिकॉक केयर सेंटर में उपचार के लिए रखा गया है। गांव से गुजर रही बिजली की लाइन पर दोपहर के समय एक मोर तारों पर बैठा हुआ था। इसी दौरान अर्थिंग बनने से मोर करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर गया। ग्रामीण खेमचंद के घर के सामने जब मोर तारों से जमीन पर गिरा, तो खेमचंद ने तुरंत डायल-122 पर कॉल की। ईआरवी सूचना मिलते ही मालपुरा गांव पहुंच गई। ईआरवी स्टाफ ने देखा कि मोर अभी जिंदा है। पुलिस ने झाबुआ बीहड़ के पिकॉक केयर सेंटर को सूचना दी। वहां से मौके पर पहुंची टीम ने मोर को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद टीम मोर को अपने साथ ले गई, जहां उसका उपचार चल रहा है। केयर सेंटर के अनुसार मोर की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है।

रेवाड़ी। करंट की चपेट में आया मोर।

## सामाजिक संस्था जन जागृति मंच ट्रस्ट ने रोपित किए छायादार व फलदार पौधे


रेवाड़ी। पौधारोपण करते हुए संस्था के सदस्य।

**रेवाड़ी।** सामाजिक संस्था जन जागृति मंच ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की ओर से लोगों को अनेक प्रजाति के 100 से ज्यादा पौधे वितरित किए तथा शहर की कई कॉलोनियों में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। इस मौके पर संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि आज तेजी से रहे औद्योगीकरण व अंधाधुंध पेड़ों के कटाव के चलते प्रदूषण भी उसी गति से बढ़ रहा है। इसी का परिणाम है कि हमारे शरीर मे अनेक तरह की बीमारियां पनप रही है। हवा भी प्रदूषित हो रही है, जिसके चलते खुली हवा में सांस लेना भी दूर्भर हो गया है। आज देशभर में एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। जिस तरह से मां हमे जीवन देती है, वैसे ही पौधे भी हमे जीवन देते हैं। इस मौके पर मंजू शर्मा, विजय यादव, प्रेम मेहरा, रोहतास, उदयवीर ,चंद्रहास, वीरेंद्र, अनु, शालू शर्मा व अजीत कुमार सहित संस्था के सभी सदस्यों ने योगदान दिया।

## क्लस्टर लेवल नेटबॉल चैंपियनशिप में डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन


रेवाड़ी। नेटबॉल टीम शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कलस्टर लेवल नेटबॉल चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में स्कूल की अंडर-14 बालिका टीम ने प्रथम स्थान, अंडर-17 बालिका टीम ने द्वितीय स्थान, अंडर-17 बालक टीम ने प्रथम व अंडर-19 बालक टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि के लिए प्राचार्च व स्टाफ ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। प्राचार्य जॉय बनर्जी ने कहा कि स्कूल के विद्यार्थियों ने अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ खेल में उत्कृष्टता प्राप्त की है। यह सफलता न केवल उनके परिश्रम का प्रमाण है, बल्कि विद्यालय के समग्र विकास का भी परिचायक है।

## सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी का पालन नहीं करने वाले स्कूल पर होगी कार्रवाई: एसडीएम


रेवाड़ी। बीआरसी कार्यालय में एसडीएम का स्वागत करते स्टाफ। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव ने शुक्रवार को बीआरसी कार्यालय नाहड़ में खंड नाहड़ के सभी निजी विद्यालयों के संचालकों, विद्यालय मुखियाओं, सीआरसी मुखियाओं, आंगनबाड़ी वर्करों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मीटिंग ली। इस मौके पर एसडीएम ने प्राइवेट स्कूलों के संचालकों को सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी तथा स्कूल सेफ्टी नॉर्म्स की पूर्ण रूप से पालना करने के निर्देश दिए। नियमों का पालन नहीं करने वाले स्कूल पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बीआरसी कार्यालय परिसर में अमरूद व बड़ का पौधा भी लगाया गया। बैठक में डा. राजेंद्र सिंह यादव खंड शिक्षा अधिकारी नाहड़, खंड के सभी सीआरसी मुखिया, प्राइवेट स्कूल यूनियन के जिला प्रधान संदीप यादव, खंड प्रधान बाबूलाल यादव, बीईओ नाहड़ कार्यालय से दिनेश कौशिक सहायक, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**कथा** | राधेश्याम गुप्ता ने पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा शुरू

- कलश यात्रा में 251 महिलाओं ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गढ़ी बोलनी रोड स्थित बीएमजी सिटी के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का शुभारंभ किया गया।

मंदिर के संयोजक राधेश्याम गुप्ता ने पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा बीएमजी सिटी के एलिगेंट हाइट, अंतरिक्ष टावर, बीएम जी होम्स के मुख्य रास्तों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। कलश


रेवाड़ी। कलश यात्रा में भजनों पर झूमती महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

यात्रा में 251 महिलाओं ने हिस्सा लिया। शिव महापुराण कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में महिलाओं ने धार्मिक भजनों पर नृत्य किया। कलश यात्रा के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कलश यात्रा के बाद दोपहर 3 बजे बाद व्यास गद्दी का पूजन किया गया तथा चित्रकूट से लखन महाराज ने शिव महापुराण कथा के महत्व को बताया। लखन महाराज ने कहा कि सावन मास में शिव महापुराण कथा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि पार्थिव शिवलिंग से पूजा करने का शिव महापुराण में विधान बताया गया है। पार्थिव शिवलिंग पूजा करने से धन-धान्य, बीमारियों से मुक्ति तथा सभी प्रकार के क्लेश मुक्त होते हैं। आयोजन में विजय कुमार गुप्ता, रिपु दमन गुप्ता, रमेश शर्मा, शक्ति यादव, अनिल किसनानी, महेंद्र गोयल, लक्ष्मण अग्रवाल, कैलाश शर्मा, राज गर्ग, एडवोकेट अश्वनी तिवारी, नरेश यादव, प्रकाश मिश्रा व पुष्पा यादव ने योगदान दिया।

## जिला परिवेदना समिति की बैठक 28 को बाल भवन में

**रेवाड़ी।** जिले के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 28 जुलाई को दोपहर 3 बजे बाल भवन स्थित ऑडिटोरियम में होगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय और नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 12 परिवादों की सुनवाई की जाएगी, जिनमें 8 नए व 4 लंबित परिवाद शामिल हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर रिपोर्ट सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।